इस साल नवंबर से बढ़ेगा मेट्रो-3 के ट्रायल रन का दायरा

■ वरिष्ठ संवाददाता, मुंबई

मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का ट्रायल रन का दायरा नवंबर से बढ़ जाएगा। नवंबर से 3 किमी के बजाय 5 किमी रूट तक मेट्रो दौड़ेगी। मौजूदा समय में मेट्रो का ट्रायल रन सारीपुत नगर (सीप्ज) से मरोल नाका स्टेशन के बीच हो रहा है। नवंबर से मेट्रो सारीपुत नगर से सहार रोड स्टेशन के बीच दौड़ने लगेगी।

3 के बजाय 5 किमी रूट पर दौड़ेगी मेट्रो

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) सहार रोड स्टेशन पर क्रॉस ओवर ट्रैक तैयार कर रहा है। अक्टूबर तक क्रॉस ओवर ट्रैक तैयार कर लिया जाएगा। इस ट्रैक का इस्तेमाल ट्रेन को अप लाइन से डाउन लाइन की दिशा की तरफ मोड़ने के लिए किया जाता है। ट्रैक के बन जाने से मेट्रो का ट्रायल रन अप और डाउन लाइन पर संभव होगा।

Uma Kadam

बता दें कि मौजूदा समय में जारी ट्रायल रन मेट्रो के एक ट्रैक पर ही हो रहा है। 3 किमी की दूरी पूरी होने पर ट्रेन को रोक कर दोबारा उसी ट्रैक से पीछे लाया जाता है। क्रॉस ओवर ट्रैक के बन जाने से सारीपुत से ट्रेन के सहार रोड स्टेशन पर पहुंचने पर मेट्रो को दूसरे ट्रैक पर डाइवर्ट कर दिया जाएगा। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी लंबा अंडरग्राउंड मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हरी झंडी दिखा कर सरीपुत नगर से मरोल नाका के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर के रूट पर ट्रायल रन की शुरुआत की थी।

सीप्झ से बीकेसी के जून 2024 में दौड़ेगी मेट्रो

दक्षिण मुंबई को उपनगर से मेट्रो के माध्यम से कनेक्ट करने वाले मेट्रो कॉरिडोर को सरकार ने दो फेस में शुरू करने की योजना बनाई है। सरकार ने दिसंबर 2023 से सीप्झ से बीकेसी और जून 2024 से पूरे रूट पर सेवा शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एमएमआरसीएल के अनुसार, पूरे कॉरिडोर का सिविल वर्क करीब 86.5 फीसदी तक पूरा हो चुका है। 38 फीसदी रूट पर ट्रैक बिछाया जा चुका है। पूरे रूट पर अब केवल एक ही टनल तैयार करने का काम शेष रह गया है, यह टनल भी अक्टूबर तक बन कर तैयार हो जाएगा।